## प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 02.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

### साधना सप्ताह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सिविल सेवकों की क्षमता विकास को बढ़ावा देने के लिए साधना सप्ताह 2026 का शुभारंभ करेंगे। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, क्षमता निर्माण आयोग व कर्मयोगी भारत संयुक्त रूप से नई दिल्ली में एक सप्ताह के साधना सप्ताह का आयोजन कर रहे हैं। इसका उद्देश्य पूरे देश के सिविल सेवकों की क्षमता, प्रदर्शन और दक्षता में सुधार करना है। केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, संगठनों और राज्यों के सभी स्तरों के कर्मचारी और अधिकारी इसमें आई.जी.ओटी. प्लेटफॉर्म और अन्य माध्यमों से भाग लेंगे। क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस. राधा चौहान ने कहा कि आई.जी.ओटी. प्लेटफॉर्म क्षमता निर्माण के लिए संपूर्ण मंच है और यह विशिष्ट मांगों के आधार पर व्यावहारिक, कार्यात्मक और क्षेत्र संबंधित पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

### विधानसभा

प्रदेश की 14वीं विधानसभा के 11वें सत्र की आज अंतिम बैठक है। सत्र में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। सदन में तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिए जाएंगे, जबकि अतारांकित पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभापटल पर रखे जाएंगे। सदन में सरकारी विधायकों पर विचार विमर्श व पारण होगा। नियम–324 के तहत सदस्य विक्रम सिंह शिमला स्थित नाभा की आवासीय कॉलोनी में उत्पन्न हो रही सीवरेज व्यवस्था की समस्या का मामला उठाएंगे। विधायक सुखराम चौधरी और चंद्रशेखर नियम–61 के तहत अपने–अपने विषय उठाएंगे। सत्र के आज भी हंगामेदार रहने के आसार हैं।

### शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि 19 राज्यों में अब तक 9 करोड़ 25 लाख किसान पहचान पत्र बनाए जा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ कल समीक्षा बैठक की। उन्होंने राज्यों को उर्वरकों की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए, उनकी शिकायतों का समय पर निवारण होना चाहिए और खरीद सीधे किसानों से की जानी चाहिए।

### हनुमान जन्मोत्सव

देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में आज हनुमान जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी शिमला के जाखू व संकटमोचन सहित अन्य हनुमान मंदिरों में श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

### एक रिपोर्ट–

राजधानी शिमला के एतिहासिक जाखू मंदिर सहित संकटमोचन व अन्य हनुमान मंदिरों में आज हनुमान जन्मोत्सव पर माहौल भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। जाखू मंदिर में हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने मंदिर के कपाट सुबह चार बजे खोल दिए थे। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से एचआरटीसी की विशेष टैक्सियों की व्यवस्था की गई है। विशेष पूजा अर्चना के बाद जाखू मंदिर में हनुमान जी को डेढ़ क्विंटल आटे का रोट चढ़ाया गया। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी हो रहा है। **समाचार कक्ष से प्रादेशिक समाचार के लिए मैं राजकुमारी चंदेल**

### पीएम बधाई

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि ये पावन अवसर हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा और स्फूर्ति लेकर आए। उन्होंने कामना की कि पवनपुत्र हनुमान जी सभी को बल, बुद्धि और विद्या का भरपूर आशीर्वाद दें, जिससे देश का सामर्थ्य और बढ़े। इधर, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के ऐतिहासिक जाखू मंदिर में हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादलों के बीच हल्की धूप खिली है। मौसम विभाग के अनुसार उच्च व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में आज हल्की बारिश व बर्फबारी जबकि अन्य भागों में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। कल 3 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश का दौर फिर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग ने 3 व 4 अप्रैल को प्रदेश के 10 जिलों में आंधी–बिजली व ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है।

..............................